www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क


ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-124 | सागवाड़ा, शुक्रवार,6 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# अशोक गहलोत का सागवाडा दौरा, 250 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात



## सीएम गहलोत गौ कथा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे

**सागवाडा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान सीएम अशोक गहलोत सागवाडा में गौ कथा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

वहीं सागवाड़ा शहर सहित जिलेवासियों को 250 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे. सीएम के दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और कांग्रेसी नेताओं ने तैयारियों का जायजा लिया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कल अपने एक दिवसीय दौरे पर डूंगरपुर जिले के सागवाडा नगर पहुंचेंगे। डूंगरपुर जिला कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत हेलीकाप्टर से कल दोपहर 2.30 पर सागवाड़ा आएंगे। इसके बाद सीएम अशोक गहलोत सागवाड़ा नगर के महिपाल खेल मैदान में श्री भागवत सत्संग समिति की ओर से गौशाला के सहयोगार्थ चल रही गौ कथा में शामिल होंगे। वहीं खोड़निया ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत कथा के दौरान आमजन को संबोधित भी करेंगे।

खोड़निया ने बताया कि अपने दौरे के दौरान सीएम अशोक गहलोत सागवाड़ा नगर और जिलेवासियों को कई सौगातें भी देंगे, जिसमें एक लोकार्पण और तीन शिलान्यास शामिल है. खोड़निया ने बताया कि मुख्यमंत्री सागवाड़ा नगर में 115 करोड़ की सीवरेज योजना का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही सागवाड़ा नगर में चार करोड़ की लागत से बनी सड़कों का लोकार्पण करेंगे।

वहीं 60 करोड़ की लागत से बनने वाले लसाड़ा पुल के अलावा भीलूड़ा-खड़गदा-जोगपुर और मांडली में 32 करोड़ की सड़क का शिलान्यास करेंगे। सीएम के दौरे को लेकर कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री, एसपी राशि डोगरा सहित अन्य अधिकारियों और कांग्रेसी नेताओं ने दौरे की तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## राजस्थान में 30-40 सीटों पर चुनाव लड़ेगीः आप पार्टी

जयपुर। दिल्ली-पंजाब में सरकार और गुजरात में अच्छी संख्या में वोट बटोरकर राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी आम आदमी पार्टी की निगाहें अब राजस्थान पर है। मगर बड़ा राज्य होने के चलते पार्टी फिलहाल राजस्थान में चुनिंदा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय कर सकती है। ये सीटें दिल्ली, पंजाब और हरियाणा से सटे जिलों की सीटें हो सकती हैं। इस मसले पर पार्टी में केंद्रीय स्तर पर मंथन चल रहा है। इसी के बाद राजस्थान को लेकर आम आदमी पार्टी का अप्रोच तय होगा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संदीप पाठक, राजस्थान के प्रभारी विनय मिश्रा सहित अन्य नेताओं के साथ इसी मंथन में लगे हैं। आप ने राजस्थान में अपना अभियान पिछले साल मार्च से शुरू किया था। ऐसे में लगभग 10 महीने में नेताओं और कार्यकर्ताओं का राजस्थान को लेकर क्या अनुभव रहा इसका फीडबैक लिया जाएगा। इसमें खासतौर से आगामी विधानसभा चुनाव की संभावनाओं को लेकर पार्टी के नेता मंथन करेंगे। विनय मिश्रा ने बताया कि कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने के बाद चुनाव को लेकर हम अप्रोच तय करेंगे। आप का अगला फोकस राजस्थान पर तो है। मगर क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य में चुनाव लड़ना आप के लिए चुनौतियों से भरा है।

# गहलोत सरकार ने जो वायदें किये वो पूरे नहीं किये- पुनिया

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का दौरा, सीमलवाड़ा में जन आक्रोश सभा में कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**सीमलवाड़ा।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया गुरुवार से 2 दिवसीय दौरे पर डूंगरपुर पहुंचे। डूंगरपुर पहुंचने पर मोतली मोड़ सहित कई जगहों पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सतीश पुनिया का स्वागत किया गया। इधर अपने दौरे के दौरान सतीश पुनिया ने सीमलवाड़ा में भाजपा जन आक्रोश सभा मे भाग लिया। जिसमे पुनिया ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की कांग्रेस के चार साल के शासन में कांग्रेस फैल साबित हुई है। कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो, किसानों से जो वायदे किए थे वे एक भी पूरे नही हुए है। गहलोत ने किसानों



का पूरा कर्जा माफ करने का वायदा किया था, लेकिन आज तक किसानों का एक रुपया माफ नहीं हुआ है।

बेरोजगार आज भी नोकरी के लिए भटक रहे है। राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट हो रहे है। जिससे परीक्षार्थी ठगा सा महसूस कर रहा है। राज्यमे अपराधो का ग्राफ बढ़ रहा है। प्रदेश में महिलाओं से दुष्कर्म, अपहरण की घटनाएं बढ़ी है। इसी के खिलाफ अब लोगो में आक्रोश है। भाजपा जनता के इस आक्रोश के साथ कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब देगी। वागड़ क्षेत्र में उद्योग धंधे नही होने से गुजरात पलायन मजबूरी हो गई है।

## पहली बार बीटीपी के खिलाफ आवाज बुलंद की

प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने पहली बार बीटीपी के खिलाफ आवाज बुलंद की। पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में तीन ब्लॉक में 3 आईटीआई केंद्र की स्वीकृति जारी की थी, भवन भी बन गए लेकिन सरकार बदलते ही आईटीआई को अधुरझुल में डाल दिया है। चिखली संगमेश्वर पुल निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। कांकरी डूंगरी प्रकरण में 4 हजार 4 सौ युवाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुए, वहीं जिले के दो बीटीपी एमएलए सरकार की गोद में बैठ गई लेकिन बेरोजगार युवाओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस नहीं हटवा सकी है।आमसभा को सांसद कनकमल कटारा एवं प्रधान कारी लाल ननोमा ने भी संबोधित किया। संचालन पूर्व जिला महामंत्री दीन दयाल सिंह चौहान ने किया।

### मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

## ग्रामीण ओलंपिक खेलों से राजस्थान में विकसित हुई नई खेल संस्कृति :गहलोत




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार खेलों व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए लगातार उच्च स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करवा रही है, जिससे राज्य में आजादी के बाद पहली बार खेलों के लिए सकारात्मक माहौल बना है और एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। गहलोत उदयपुर के गांधी ग्राउण्ड में राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में पहली बार एक साथ 30 लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 10 लाख महिला खिलाड़ी भी थी। इन खेलों में 2.25 लाख टीमें बनी और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति उत्कृष्ट माहौल बना। ग्रामीण ओलंपिक के बाद अब 26 जनवरी से शहरी ओलंपिक खेल प्रारंभ हो रहे हैं। इस प्रकार के आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को तलाशने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नियुक्तियों के साथ ही सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय राज्य सरकार ने लिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 3 करोड़ रूपए तक कर दिया गया है। सरकार द्वारा खेल स्पर्धाओं व प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से चिन्हित प्रतिभाओं को अच्छी सुविधाएं, कोच व माहौल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

# कृष्ण व राधा रानी का आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया

### श्रीमद् भागवत सत्संग समिति एवं नगरपालिका की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन





**सागवाड़ा।** श्रीमद् भागवत सत्संग समिति एवं नगरपालिका की ओर से महिपाल खेल मैदान में आयोजित गो कथा स्थल पर सांस्कृतिक संध्या हुई। आयोजन गणेशनाथ अघोरी बाबा के सानिध्य में हुआ। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने की। विशिष्ट अतिथि विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी, श्री मद् भागवत सत्संग समिति के अध्यक्ष मुकेश भोई, श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष ललित पंचाल, नानू भाई पटेल, वमासा गौशाला के संचालक वीरेंद्र सिंह थे।सांस्कृतिक संध्या में जितेंद्र पाराशर ने गणेश वंदना तथा तथा आरती की। स्थानीय प्रतिभा ईशा, वंदना, कशिश एवं हेंसी ने ढोलीड़ा गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। रोशनी एवं सखियों ने हर हर शंभू महादेवा गीत एवं भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी का आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। हिंगलाज महिला सेवा संस्थान की मोनिका भावसार के नेतृत्व में भावसार समाज की महिलाओं ने कृष्ण लीला नृत्य तथा जितेंद्र पाराशर के मार्गदर्शन में राधिका एवं कृष्ण का ब्रज का लोक नृत्य प्रस्तुत किया। मुस्कान एवं सखियों ने कालबेलिया नृत्य, भावना एवं सखियों ने श्रीमद्भागवत गीता श्लोक आधारित नृत्य, मेला मेला देखने जाने के लिए पति से प्रार्थना पर लांगुरिया जोगन नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी।

देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में नगर वासियों ने लुफ्त उठाया। नगर पालिका अध्यक्ष खोड़निया ने बताया कि वागड़ महोत्सव के दौरान कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने जनवरी माह में स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की घोषणा की थी।

## अंग्रेजों से आजाद जरूर हुए हैं लेकिन अंग्रेजियत पनप गई जो श्रेष्ठ भारत के निर्माण में बाधक सिद्ध हो रही

### गो कृपा कथा संबोधित करते हुए जगदीश गोपाल महाराज ने शिक्षा पद्धति पर किया कटाक्ष

**सागवाड़ा।** श्री श्रीमद् भागवत सत्संग समिति के तत्वावधान में श्री उत्तम कृष्ण गोपाल गौशाला की सहायतार्थ गो कृपा कथा संबोधित करते हुए जगदीश गोपाल महाराज ने कहा है कि प्राचीन भारतीय सभ्यता और संस्कृति की शिक्षा पद्धति आजादी के बाद से ही विलुप्त हो चुकी है। अंग्रेजों से आजाद जरूर हुए हैं लेकिन अंग्रेजियत की संस्कृति यहां पनप गई जो श्रेष्ठ भारत के निर्माण में भविष्य में बड़ी बाधक सिद्ध हो रही है। प्राचीन भारतीय कृषि और शिक्षा पद्धति का त्याग कर आधुनिक परिपाटी वाली लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली इस देश को कभी भी श्रेष्ठ नागरिक प्रदान नहीं कर सकती है। इसके लिए जरूरी है हमें गोकृपा के साथ प्राचीन भारतीय शिक्षा की ओर लौटना पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि अच्छी शिक्षा के लिए गोमाता का सान्निध्य जरूरी है। हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति गो आधारित थी। गुरुकुल में विद्यार्थी को गोमाता की



सेवा भी करनी होती थी। गोसेवा से विद्यार्थी जीवन में श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त करता है। जब तक शिक्षा पूर्ण नहीं हो मनुष्य पूर्ण नहीं है। शिक्षा ऐसी हो जो संस्कार, संस्कृति व समर्पण का गुण सिखाए। वर्तमान की किताबी शिक्षा केवल नौकरी परक हो गई है। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने वाला व्यक्ति सदैव स्वतंत्र रहता है। विद्या वह है जो मुक्त कर दे विनम्र बना दे। हमारी प्राचीन भारत की



शिक्षा पद्धति विश्व विख्यात थी। यहां के विद्या केंद्रों पर हजारों विदेशी विद्यार्थी अध्ययन करने आते थे। गोमाता के सान्निध्य से अयोग्य विद्यार्थी भी योग्य बन जाता है।

## जयपुर के जंगल में मिली जिंदा नवजात

**जयपुर।** जंगलों में जिंदा नवजात बच्ची के मिलने से सनसनी फैल गई। नवजात बच्ची को कंबल में लपेट कर झाड़ियों में फेंका गया था। मुहाना थाना पुलिस ने नवजात को जेके लोन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। ASI नेकी राम ने बताया कि मंगलवार दोपहर रिंग रोड देव होटल के पीछे स्थित जंगलों में नवजात बच्ची मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लोग जंगल में अंदर घुसे।

झाड़ियों में पड़े कंबल में नवजात लिपटी हुई मिली। जिंदा नवजात बच्ची के मिलने का पता चलने पर लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर SI रेखा (प्रो.) पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने कंबल में लिपटी मिली नवजात को संभाला।

